# निदेशालय

## माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून

## कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक, बुक शेल्फ आपूर्ति
## वित्तीय वर्ष 2013–14

## (निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश एवं शर्तें)

# भाग – एक

## खण्ड : (क) – निविदा सूचना ''

वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून को FOR Destination कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक एवं बुक शेल्फ की क्रय/आपूर्ति करने के लिए अनुभवी फर्मों/आपूर्तिकर्ता डीलरों से दो पृथक–पृथक मोहरबंद लिफाफों (एक) तकनीकी बिड, (दो) वित्तीय बिड तथा एक तीसरे लिफाफे में दोनों को मोहर बंद कर निम्न कार्यक्रमानुसार निविदा आमन्त्रित है–

- निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय – 6 फरवरी 2014/11:00 बजे पूर्वाह्न,
- तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने की तिथि – 6 फरवरी 2014/11:30 बजे पूर्वाह्न,

**2.** तकनीकी बिड निदेशालय माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून में उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

**3.** तकनीकी एवं वित्तीय बिडों से सम्बधित निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश, शर्तें एवं आवेदन पत्र वेबसाइट **http://gov.ua.nic.in/schooleducation** के अन्तर्गत **Announcement** से डाउनलोड अथवा लेखा स्थापना अनुभाग, निदेशालय माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## खण्ड : (ख) – ''कार्य का विवरण''

**4.** वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए क्रय किये जाने वाले कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक एवं बुक शेल्फ का विवरण एवं उनके लिए निर्धारित मानक इस प्रकार है–

| S.No | Name of Items | Qty |
|---|---|---|
| **1.** | Executive Office Steel Table Size 5”X3” 19 mm Mica Top, with 18 G. 3-Drawrs & Cabinet Heavy Duty pipe, Front Closed (As per Sample) | 10 |
| **2.** | Revolving Chair High Back Deluxe Push Back, PU arms, 5&wheels heavy base (As per Sample) | 10 |
| **3.** | Tubular Steel Chair Cushioned Seat and back, Full Back, 18’X18” seat, High density cushions PU arms, 1” Heavy capsule Pipe (As per Sample) | 10 |
| **4.** | Steel Almirah Large Size 78”X36”X15” CRC Sheet 4 Selves Making 5 Compartment 20 G Doors & rest 22G, (As per Sample) | 10 |
| **5.** | Steel Almirah Small Size 50”X30”X17” CRC Sheet 3 Selves Making 5 Compartment 20 G Doors & rest 22G, (As per Sample) | 10 |
| **6.** | Office Steel Rack, Large Size 78”X36”X15” 6-Panels 20 G, Open (As per Sample) | 30 |
| **7.** | Book Case Steel Size 66”X33”X12” 22G, CRC Sheet, 4-Glass Doors (As per Sample) | 10 |
| **8.** | Book Case Steel Size 50”X33”X12” 22G, CRC Sheet, 3-Glass Doors (As per Sample) | 10 |

## खण्ड : (ग) – ''कार्य का विवरण''

5. सम्पूर्ण कार्य पूरा करने के लिए कार्यादेश जारी होने की तिथि से एक माह का समय दिया जायेगा।

## खण्ड : (घ) – ''निविदा की मुख्य शर्तें''

6. सशर्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
7. सामान के नमूने जिनके अनुरूप तकनीकी बिड में दरें दी जानी है किसी भी कार्य दिवस में निदेशालय में देखे जा सकते हैं। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि सामान की आपूर्ति के बाद समिति द्वारा निदेशालय में उपलब्ध नमूनों से ही सामान की तुलना की जायेगी।
8. निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड ''प्रपत्र क'' में एवं वित्तीय बिड ''प्रपत्र–ख'' में प्रस्तुत करनी होंगी। तकनीकी बिड के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता (अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता) के द्वारा हस्ताक्षर किये जाने है।
9. सफल निविदादाताओं को कार्यादेश जारी होने की तिथि से एक माह के भीतर **FOR Destination** सहित समस्त सामान निदेशालय को उपलब्ध करना होगा।
10. निर्धारित् समयावधि के अन्तर्गत सामान की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से अर्ह निविदादाताओं को उनकी क्षमता के अनुरूप ही कार्य आवंटित किया जायेगा। क्षमता का आंकलन तकनीकी बिड एवं आवश्यक समझे जाने पर समिति के द्वारा इकाई के भौतिक सत्यापन के आधार पर किया जायेगा। निविदादाताओं की क्षमता का आंकलन करने एवं संतुष्ट होने के बाद ही समिति के द्वारा निर्धारित् न्यूनतम दर के आधार पर कार्य आवंटित किया जायेगा। इस प्रकार समिति का निर्णय सभी निविदादाताओं को मान्य होगा।
11. न्यूनतम दर में एक से अधिक फर्में आने पर कार्य का आबंटन करने के लिए समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा, जो निविदादाताओं को मान्य होगा।
12. निविदा आवेदन पत्र में समस्त सूचनाएँ यथास्थान स्पष्ट पठनीय लेख में उल्लिखित कर आवेदन पत्र में दी गयी संलग्नक संख्या के क्रम में संलग्न की जानी है। आवेदन पत्र में जो बिन्दु फर्म से सम्बन्धित न हों उसे काट दिया जाय/खाली न छोड़ा जाय।
13. निविदा आवेदन पत्र शुल्क रु0 500.00 (पांच सौ) निर्धरित है। निविदा आवेदन पत्र शुल्क निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट के रुप में जो देहरादून स्थित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम से देय हो, उपलब्ध करवाया जाना है।
14. निविदादाता एक/एक से अधिक/समस्त सामग्री के लिए निविदा जमा कर सकता है। एक अथवा एक से अधिक सामग्री के लिए एक ही निविदा आवेदन पत्र पर निविदा जमा करनी होगी। अर्थात एक निविदादाता द्वारा केवल एक ही निविदा आवेदन पत्र पर निविदा जमा करनी होगी। निविदादाता द्वारा निविदा आवेदन पत्र में जितनी सामग्री के लिए निविदा दी जायेगी उन सभी सामग्री की अर्नेस्ट मनी (EMD) एक ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बैंक गारण्टी के रूप में दी जा सकती है।
15. **<u>धरोहर राशि (EMD)</u>** : धरोहर राशि (EMD) रूपये 8,000.00 (आठ हजार) निर्धारित है। निविदादाता द्वारा अर्नेस्ट मनी (EMD) बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बैंक गारण्टी के रूप में दी जा सकती है। अर्नेस्टमनी निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि के बाद की बनी हुई होनी चाहिए तथा बनने की तिथि से कम से कम छः माह के लिए वैध होनी चाहिए। अर्नेस्टमनी निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून के पदनाम से बन्धक रखनी होगी। EMD के पृष्ठ भाग में फर्म के नाम की अंकना तथा हस्ताक्षर किये जाने है।

16. **<u>सुरक्षा धनराशि (Security Money)</u>**– सफल निविदादाता द्वारा कुल कार्य मूल्य की 10% सुरक्षा धनराशि (सिक्योरिटी मनी), जिसमें तकनीकी बिड के साथ दी गयी अर्नेस्टमनी समाहित हो, का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चैक/एन0एस0सी0/बैंक गारण्टी <u>निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून</u> के पदनाम से जमा करनी होगी, जिसे सामान की मानकानुसार गुणवत्ता जांच, गुणवत्ता में कमी, विलम्ब दण्ड की गणना/कटौती, संतोषजनक कार्य पूर्ण होने एवं समस्त भुगतान होने के बाद वापस किया जायेगा।

17. चयनित निविदादाता/निविदादाताओं को पूरे वर्ष भर मांग के अनुरूप निर्धारित शर्तों पर ही सामान की आपूर्ति करनी होगी।

18. ''तकनीकी बिड'' अर्ह/सफल घोषित करने के बाद समिति द्वारा 'वित्तीय बिड' खोलने की तिथि/समय घोषित (निर्धारित) किया जायेगा, जिनकी ''तकनीकी बिड'' अनर्ह पायी जायेंगी उन्हें न ही सूचित किया जायेगा और न ही अनर्हता का कारण बताया जायेगा। इस प्रकार से सम्बन्धित निविदादाता किसी भी स्तर पर उसकी माँग नहीं करेगा।

19. सामान की FOR Destination सहित आपूर्ति के लिए औपचारिक कार्यादेश निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून द्वारा जारी किया जायेगा। कार्यादेश एक मुश्त देने के बजाय आवश्यकतानुसार टुकड़ों में भी दिये जा सकते हैं।

20. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड में सुरक्षित रहेगा।

21. पत्राचार हेतु पताः–

**निदेशक**
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड,
तपोवन मार्ग, ननूरखेड़ा
देहरादून–248008 (उत्तराखण्ड)

---

Fax No. : 0135- 2781903
Phone No. : 0135- 278828

## <u>खण्ड : (ड़) – ''तकनीकी बिड''</u>

22. तकनीकी बिड (प्रपत्र–क) पर प्रस्तुत की जानी है, जिसके साथ निम्नवत् आवश्यक अभिलेख/प्रमाणपत्र संलग्न करने होंगे। समस्त अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न नहीं करने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी ।

23. अनुभव– निविदादाता को विगत 05 (पांच) वर्षों में से कम से कम 02 (दो) वर्षों का कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक, बुक शेल्फ आदि का अनुभव होना चाहिए। अनुभव के लिए संबंधित संस्था द्वारा जारी प्रमाण पत्र/कार्यादेश संलग्न किया जाना है।

24. टर्न ओवर– कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर आदि की आपूर्ति का विगत दो वर्षों का टर्न ओवर न्यूनतम पांच लाख प्रतिवर्ष होना चाहिए, जो रजिस्टर्ड चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

25. आयकर रिटर्न– विगत एक वर्ष के आयकर रिटर्न की पठनीय सत्यापित फोटोप्रति।

26. स्थायी आयकर खाता संख्या (Permanant Account Number)।

27. वैध व्यापार कर/बिक्रीकर/वैट भुगतान का प्रमाण पत्र।

**28.** शपथ पत्र– निम्नलिखित बिन्दुओं के लिए नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करें, जिसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया हो कि समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक था, छिपाई नहीं गयी है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो निदेशालय द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

- किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नहीं हैं।
- फर्म को किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त किया गया है।

**29.** निविदा आवेदन पत्र शुल्क का बैंक ड्राफ्ट।

**30.** अर्नेस्टमनी (EMD),

## <u>खण्ड : (च) – ''वित्तीय बिड''</u>

**31.** वित्तीय बिड (प्रपत्र–ख) में प्रति सामान दरें जिसमें For Destination आपूर्ति की दरें सम्मिलित हों, दी जानी हैं।

## <u>खण्ड : (छ) – ''निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें''</u>

**32.** एक दूसरे से पूल किये जाने की स्थिति में दी गयी निविदा से सम्बन्धित निविदादाताओं की निविदा निरस्त कर उन्हें काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

**33.** सफल निविदादाता द्वारा यदि अनुबंध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी अर्नेस्टमनी/सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में अन्यथा कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**34.** सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे उत्तराखण्ड शासन के निर्णयार्थ (आर्बीट्रेशन) प्रस्तुत किया जायेगा और उसका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

**35.** सम्बन्धित कार्य के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के लिये सिर्फ देहरादून स्थित सुसंगत न्यायालय में ही मामला उठाया जा सकता है, अन्य किसी भी न्यायालय में नहीं।

**36.** समिति को नेगोसिएशन का अधिकार होगा।

**37.** चयनित निविदादाता द्वारा अनुबन्ध के लिए 100/–(रूपये एक सौ) का नॉन–ज्यूडीसियल स्टाम्प पेपर (जो टिकट के रूप में नहीं होगा) उपलब्ध करना होगा।

**38.** चयनित निविदादाताओं द्वारा भुगतानार्थ बिल निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून के पदनाम से तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध करवाने होंगे।

**39.** भुगतान की प्रक्रिया– भुगतान निदेशालय माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून के स्तर से किया जायेगा। फर्म द्वारा सामान की अन्तिम खेप पहुंचाने की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर 80% तथा शेष/अन्तिम भुगतान अगामी 45 दिनों के भीतर निम्नलिखित कार्य और शर्तों को पूरा करने के बाद किया जायेगा।

(1) कार्यादेश अनुसार सम्पूर्ण आपूर्ति करने पर।

(2) समिति द्वारा सामान की गुणवत्ता, जांच करने पर।

**40.** समिति द्वारा सामान की गुणवत्ता में कमी अथवा आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में फर्म के विरुद्ध निम्नवत् दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**(क) <u>विलम्ब दण्ड</u>** – विलम्ब की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी :–

- 01 से 10 दिन विलम्ब से आपूर्तित सामान के कुल मुद्रण मूल्य का 2%

- 11 से 20 दिन विलम्ब से आपूर्तित सामान के कुल मुद्रण मूल्य का 5%
- 20 दिन से अधिक विलम्ब की स्थिति में फर्म की सुरक्षा धनराशि जब्त कर उसे काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

**(ख) गुणवत्ता** – समिति द्वारा आपूर्तित सामान की जांच की जायेगी। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर समिति द्वारा दण्ड निर्धारित किया जायेगा। साथ ही यदि समिति द्वारा सामान को बदलने की संस्तुति की जाती है तो फर्म को यथासमय सामान बदलना होगा, सामान बदले जाने की स्थिति में निदेशालय द्वारा कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

**41.** ऐसे अप्रत्याशित कारण जो फर्म के नियंत्रण से बाहर हैं, जिनका पहले से पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता जैसे– युद्ध, क्रांति, आग, बाढ़, बीमारी फैलने की स्थिति में फर्म लिखित रूप से निदेशालय को इसकी सूचना तुरन्त देगी तथा इसके कारणों का उल्लेख करेगा। जब तक निदेशालय द्वारा अन्य निर्देश नहीं दिये जायेंगे फर्म अनुबंध के अनुरूप अपने कर्तव्यों/कार्यों का जहां तक सम्भव हो, निर्वह्न करती रहेगी।

**42.** कार्य सम्पन्न करने के लिए सफल निविदादाताओं को जारी कार्यादेश एवं किये गये अनुबन्ध को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

**43.** उपर्युक्तानुसार निविदा के नियम निर्देश, एवं शर्तों का आंशिक/पूर्णतः अनुपालन नहीं करने की स्थिति में चयनित निविदादाता/निविदादाताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उसकी सुरक्षा धनराशि जब्त की जायेगी तथा काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

**निदेशक**
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून

## भाग–2 (प्रपत्र–क)

## वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक एवं बुक शेल्फ की क्रय/आपूर्ति हेतु तकनीकी बिड।

### तकनीकी बिड

1. निविदादाता का नाम ........................................................................................................................
   पता ........................................................................................................................
   फोन नम्बर कार्यालय ......................................................मोबाईल ......................................................
2. फर्म का नाम ........................................................................................................................
   पता ........................................................................................................................
   फोन नम्बर कार्यालय ...................................................... मो0 ......................................................
3. विगत 05 वर्षों में से कम से कम 02 वर्षों का कार्यालय प्रयोगार्थ फर्नीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक एवं बुक शेल्फ की क्रय/आपूर्ति करने का अनुभव ...........................................................................
   (अनुभव का प्रदेश/संस्थान में किये गये कार्य के लिए वर्षवार कार्यादेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
4. विगत दो वर्षो का टर्न–ओवर (प्रतिवर्ष न्यूनतम पांच लाख़) –.......................................................................
   (चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें)
5. विगत एक वर्ष के आयकर भुगतान का प्रमाण पत्र.......................................................................................
   (आयकर रिटर्न संलग्न करें)
6. स्थायी आयकर खाता संख्या (Permanant Account Number).......................................................................
7. वैध व्यापार कर/वैट पंजीकरण संख्या ........................................................................................
   केन्द्रीय बिक्रीकर/व्यापार कर/वैट पंजीकरण संख्या ........................................................................
   (वैध व्यापार कर/वैट भुगतान का प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. निम्नलिखित बिन्दुओं के लिए नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ–पत्र संलग्न करें–
   - किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नहीं हैं।
   - फर्म को किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त किया गया है।
11. निविदा आवेदन पत्र के मूल्य का विवरण
    - डी0डी0 न0 व दिनांक ........................................................................................
    - धनराशि–रु0 ........................................................................................
    - बैक का नाम व शाखा........................................................................................
12. धरोहर राशि (EMD) का विवरण
    - डी0डी0 न0 व दिनांक ........................................................................................
    - धनराशि–रु0 ........................................................................................
    - बैक का नाम व शाखा........................................................................................

13. तकनीकी बिड के संलग्नकों की संख्या..................................................................................................................

14. अन्य कोई विवरण—

मैं ........................................................................................... मैसर्स ...................................................................................................

....................................................का मालिक / ..................................................प्रतिशत साझेदार / प्रबन्धक हूँ। इस निविदा की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने एवं समस्त देयक के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतया सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई सूचनाएँ छिपाई नहीं गई है। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिए मै उत्तरदायी रहूंगा।

मालिक / प्रबन्धक के हस्ताक्षर
दिनांक .......................................

नाम ........................................
संस्था की मुहर

# भाग–2 (प्रपत्र–ख)

## वित्तीय बिड

(कार्यालय प्रयोगार्थ : फनीचर, स्टील आलमारी, स्टील रैक एवं बुक सेल्फ क्रय/आपूर्ति करने हेतु)

निविदादाता का नाम :.......................................................................................................................

फर्म/डीलर का  नाम/पता :.................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

दूरभाष संख्या :...............................................................................................................................

| **S. No** | **Name of Items** | **Rate per Unit in Rs.** | |
|---|---|---|---|
| | | Figures | Words |
| **1.** | Executive Office Steel Table Size 5"X3" 19 mm Mica Top, with 18 G. 3-Drawrs & Cabinet Heavy Duty pipe, Front Closed (As per Sample) | | |
| **2.** | Revolving Chair High Back Deluxe Push Back, PU arms, 5&wheels heavy base (As per Sample) | | |
| **3.** | Tubular Steel Chair Cushioned Seat and back, Full Back, 18'X18" seat, High density cushions PU arms, 1" Heavy capsule Pipe (As per Sample) | | |
| **4.** | Steel Almirah Large Size 78"X36"X15" CRC Sheet 4 Selves Making 5 Compartment 20 G Doors & rest 22G, (As per Sample) | | |
| **5.** | Steel Almirah Small Size 50"X30"X17" CRC Sheet 3 Selves Making 5 Compartment 20 G Doors & rest 22G, (As per Sample) | | |
| **6.** | Office Steel Rack, Large Size 78"X36"X15" 6-Panels 20 G, Open (As per Sample) | | |
| **7.** | Book Case Steel Size 66"X33"X12" 22G, CRC Sheet, 4-Glass Doors (As per Sample) | | |
| **8.** | Book Case Steel Size 50"X33"X12" 22G, CRC Sheet, 3-Glass Doors (As per Sample) | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर.................................

निविदादाता का नाम/पता............................

..............................................................................

..............................................................................